Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 2162/ M-7 /141 दिनांक : 23-09-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः— दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 18.09.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"ऐरई ग्रामसभा में 300 परिवारों को नहीं मिल रहा पानी:जल जीवन मिशन के तहत साढ़े तीन साल पहले काम पूरा, अब भी पैनल का इंतजार"** के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक 18.09.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"ऐरई ग्रामसभा में 300 परिवारों को नहीं मिल रहा पानी: जल जीवन मिशन के तहत साढ़े तीन साल पहले काम पूरा, अब भी पैनल का इंतजार"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–धाता अन्तर्गत ऐरई पेयजल योजना योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 गायत्री–रैमकी (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना पर टयूबवेल पूर्ण, ओ0एच0टी0 90 प्रतिशत, पम्प हाउस 85 प्रतिशत, बाउण्ड्रीवाल 90 प्रतिशत तथा वितरण प्रणाली 80 प्रतिशत पूर्ण है। योजना पर सोलर अधिष्ठापन हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। शासन द्वारा धनावन्टन के कारण कार्य की प्रगति बाधित थी। वर्तमान में धनावन्टन की प्रक्रिया प्रगति पर है। शीघ्र ही सोलर अधिष्ठापन व योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराकर सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

ऐरई ग्रामसभा में 300 परिवारों को नहीं मिल रहा पानी: जल जीवन मिशन के तहत साढ़े तीन साल पहले काम पूरा, अब भी पैनल का इंतजार

कल्यान सिंह | प्रसिद्धपुर(खागा), फतेहपुर
8 दिन पहले

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें